areas which have potential for enhanced production.

(v) Steps are being taken to remove the bottlenecks in land acquisition and forest land clearances for speedier implementation of coal projects.

(vi) Private sector companies engaged in production of iron and steel, cement and generation of power have been permitted to take up coal mining for capitive consumption. This is expected to increase domestic coal production and availability.

(vii) To attract private investment in the coal sector, Government has decided to move a Bill to make the necessary legislative changes relating to coal mining to enable any Indian company to mine coal and lignite for sale.

घरेलू कोयले की मात्रा के संबंध में अनुमान

3818. **श्री ओमप्रकाश कोहली:** क्या कोयला मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) इस समय के अनुमान के अनुसार देश में कितनी मात्रा में घरेलू कोयला उपलब्ध है;

(ख) इसकी वर्तमान अनुमानित मांग कितनी है; और

(ग) आठवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान प्रत्येक वर्ष कितनी मात्रा में कोयले का आयात किया गया और उस पर रुपए तथा डालर के रूप में पृथक-पृथक कितनी धनराशि खर्च की गई?

कोयला मंत्रालय की राज्य मंत्री (श्रीमती कान्ति सिंह): (क) और (ख) चालू वर्ष अर्थात् 1997-98 हेतु कोयले की अनुमानित मांग तथा प्रक्षिप्त उत्पादन को नीचे दर्शाया गया है:—

(मिलियन टन में)

वर्ष	मांग	उत्पादन प्रेक्षपण
1997-98	323.4	298.00
	(6.8)	

(ग) वाणिज्यिक आसूचना और सांख्यिकी महानिदेशालय के कलकत्ता कार्यालय में उपलब्ध सांख्यिकी के अनुसार, आठवीं पंचवर्षीय योजना में किए गए आयात तथा तत्संबंधी कीमत का ब्यौरा नीचे दर्शाया गया है:—

(मिलियन टन में)

वर्ष	कुल आयात	कीमत (करोड़ रु० में)
1992-93	6.49	1307.54
1993-94	7.33	1415.57
1994-95	10.73	2035.69
1995-96	12.51	2690.84
1996-97 (अप्रैल, 96 से सितम्बर, 96)	6.21	1444.77

(अद्यतन अंतिम रूप दिया गया)

कोयले के उत्पादन और विपणन में निजी क्षेत्र की भागीदारी

3819. **श्री ओमप्रकाश कोहली:** क्या कोयला मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) कोयले के उत्पादन और विपणन कार्य में निजी क्षेत्रों की भागीदारी के संबंध में वर्तमान स्थिति क्या है; और

(ख) सरकार इस स्थिति में सुधार लाने के लिए क्या उपाय कर रही है?

कोयला मंत्रालय की राज्य मंत्री (श्रीमती कान्ति सिंह): (क) चालू वर्ष के दौरान निजी क्षेत्र (टिस्को की खानों) से 5.3 मि० टन कोयले के उत्पादन होने की संभावना है, जो कि देश के 286 मि० टन कुल कोयले के प्रक्षिप्त उत्पादन में से है। उक्त कंपनी लौह तथा इस्पात उत्पादन में ग्रहीत उपयोग हेतु कोयले का उत्पादन करती है।

(ख) कोयला खान (राष्ट्रीयकरण) अधिनियम, 1973 के अंतर्गत विद्युत उत्पादन तथा लौह, इस्पात तथा सीमेंट उत्पादन से जुड़ी कंपनियां ग्रहीत उपभोग के लिए कोयले का उत्खनन किए जाने की भी पात्र हैं। अभी तक 19 कंपनियों को ग्रहीत कोयला ब्लाकों की पेशकश की गई हैं, जिसमें राज्य सरकारों की विद्युत उपयोगिता शामिल हैं। 9 कंपनियों ने अपनी उत्खनन योजनाएं प्रस्तुत कर दी हैं तथा इसमें से 5 खनन योजनाओं को अनुमोदन दे दिया गया है। वैधानिक अनुमोदन के अधीन प्रतिस्पर्द्धा निविदाओं के आधार पर भारतीय कंपनी को कोयले के खनन ब्लाकों को आवंटित किए जाने का निर्णय लिया गया है। इस तरह से उत्खनित किए गए कोयले को खुले बाजार में बेचा जा सकता है। यह संभावना है कि आगामी वर्षों में कोयले के उत्पादन में काफी वृद्धि हो जाएगी।